प्रेस नोट/सराहनीय कार्य-
(पत्रांक-153/2026 दिनांक 02.06.2026)
दिनांक-02.06.2026 को जनपद कुशीनगर पुलिस द्वारा किया गया सराहनीय कार्य-

थाना कुबेरस्थान व साइबर सेल कुशीनगर की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा मोबाइल चोरी कर यूपीआई पिन रिसेट कर रुपये की साइबर ठगी करने वाले शातिर साइबर अपराधी को किया गया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक कुशीनगर श्री केशव कुमार के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक कुशीनगर श्री सिद्धार्थ वर्मा के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी सदर डा0 अजय कुमार सिंह के नेतृत्व साइबर अपराधों के रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 01.06.2026 को थाना कुबेरस्थान व साइबर सेल कुशीनगर की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा मोबाइल चोरी कर यूपीआई पिन रिसेट कर रुपये की साइबर ठगी करने वाले तथा मु0अ0सं0 118/2026 का पर्दाफाश करते हुए एक शातिर साइबर अपराधी संतोष वर्मा पुत्र लल्लन वर्मा पता गौरा बाजार थाना कटया जनपद गोपालगंज राज्य बिहार को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त के पास से साइबर ठगी के 52,200/- नकद रुपये, चोरी की गई मोबाइल फोन तथा अपराध में प्रयुक्त मोटरसाइकिल वाहन बरामद किया गया है। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछ-ताछ का विवरण-
पूछताछ में अभियुक्त संतोष वर्मा ने बताया कि वह कुशीनगर के भीड़-भाड़ वाले स्थानों जैसे व्यस्त बाजारों एवं सब्जी मंडी में साधारण लोगों को निशाना बनाकर उनके मोबाइल फोन चुरा लेता है। चोरी किए गए मोबाइल में यदि स्क्रीन लॉक नहीं होता तो वह “माई आधार” ऐप के माध्यम से सिम नंबर से आधार नंबर प्राप्त कर यूपीआई पिन रीसेट करके पैसे निकाल लेता है। वहीं यदि मोबाइल लॉक होता है तो वह सिम कार्ड निकालकर किसी अन्य चोरी किए गए मोबाइल में लगाकर प्ले स्टोर से यूपीआई ऐप्स (फोनपे, गूगल पे आदि) डाउनलोड कर उसी प्रक्रिया से ठगी करता है।

पंजीकृत अभियोग–
मु0अ0सं0 118/2026 धारा 303(2) व बढोत्तरी धारा

317(2),319(2),318(4)BNS थाना कुबेरस्थान जनपद कुशीनगर

गिरफ्तार अभियुक्त-
अभियुक्त संतोष वर्मा पुत्र लल्लन वर्मा पता गौरा बाजार थाना कटया जनपद गोपालगंज राज्य बिहार

बरामदगी का विवरण-
1- साइबर ठगी के नकद 52,200/- रुपये
2- चोरी की गई 01 अदद मोबाइल फोन
3- अपराध में प्रयुक्त 01 अदद मोटरसाइकिल वाहन

गिरफ्तार करने वाली टीमः-
1- प्रभारी निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह थाना कुबेरस्थान जनपद कुशीनगर
2- प्रभारी साइबर सेल उ0नि0 सुनील कुमार सिंह जनपद कुशीनगर
3- उ0नि0 सागर कुमार थाना कुबेरस्थान जनपद कुशीनगर
4- हे0का0 विजय कुमार चौधरी साइबर सेल जनपद कुशीनगर
5- का0 अखिलेश कुमार गुप्ता साइबर सेल जनपद कुशीनगर
6- का0 सुमित कुमार थाना कुबेरस्थान जनपद कुशीनगर
7- का0 रमाकान्त थाना कुबेरस्थान जनपद कुशीनगर

जनपद कुशीनगर पुलिस की अपील

जनपद कुशीनगर पुलिस द्वारा आमजन से अपील की जाती है कि यदि आपका मोबाइल फोन किसी अनजान व्यक्ति अथवा साइबर अपराधी द्वारा चोरी कर लिया जाता है, तो निम्नलिखित कदम तत्काल उठाएँ:
1. सबसे पहले अपने मोबाइल नंबर से लिंक सभी महत्वपूर्ण खातों (बैंक, UPI, ई-मेल, सोशल मीडिया आदि) को हटा दें।
2. CEIR पोर्टल (www.ceir.gov.in) (www.ceir.gov.in) पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज करें तथा अपने नजदीकी थाने में मोबाइल चोरी/गुम होने की सूचना दर्ज कराएँ।
3. चोरी गए मोबाइल नंबर को तुरंत ब्लॉक करवाकर नया सिम कार्ड प्राप्त कर लें।

नोट: जितनी शीघ्रता से उपरोक्त कार्यवाही की जाएगी, आपके व्यक्तिगत एवं वित्तीय जानकारी की सुरक्षा के साथ ही अपराधी को पकड़ने की प्रक्रिया भी उतनी ही प्रभावी होगी।

शान्ति भंग में की गयी निरोधात्मक कार्यवाही-

जनपद कुशीनगर के विभिन्न थानों की पुलिस द्वारा 82 नफर अभियुक्तों को शान्ति भंग में गिरफ्तार कर धारा 170 बीएनएसएस के अन्तर्गत आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की गयी।

कार्यवाही एक नजर में=

1- मोटर वाहन अधिनियम में की गयी कार्यवाही-सीज-00, ई-चालान- 90 वाहन

2- 126/135 बीएनएसएस में की गयी कार्यवाही-मु0-71, व्यक्ति-221

3- वांछित/वारंटी/अन्य अपराधों में अभियुक्तों की गिरफ्तारी-(01)

4- जनपद में कुल गिरफ्तारी−(कुल-83)

सोशल मीडिया सेल

जनपद कुशीनगर